# समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026


# BECIL मे निकली बंपर भर्तियां, इंजीनियर से लेकर ड्राइवर तक के लिए सुनहरा मौका, 30 जुलाई तक करे आवेदन।

Publisher | Published on 12 Jul 2025




**ब्रॉडकास्ट इंजीनियरिंग कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड (BECIL) मे 31 पदों पर भर्ती, 10वीं पास से लेकर इंजीनियरिंग ग्रेजुएट्स तक के लिए मौका।**

**नई दिल्ली :** सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर सामने आया है। **ब्रॉडकास्ट इंजीनियरिंग कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड** (BECIL) ने विभिन्न विभागों में **31 पदों** पर भर्ती के लिए आवेदन मांगे हैं।

इन पदों के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और इच्छुक उम्मीदवार **30 जुलाई 2025** तक **BECIL** की आधिकारिक वेबसाइट www.becil.com पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

**कौन-कौन से पदों पर भर्ती ?**

इस भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत जिन प्रमुख पदों के लिए आवेदन मांगे गए हैं, उनमें शामिल हैं:

१. **असिस्टेटं इंजीनियर (Assistant Engineer)**
२. **एग्जीक्यूटिव इंजीनियर (Executive Engineer)**
३. **सिक्योरिटी ऑफिसर (Security Officer)**
४. **मैकेनिक (Mechanic)**
५. **ड्राइवर (Driver)**
६. **डिसेक्शन हॉल अटेडेंट**
७. **असिस्टेटं स्टोर ऑफिसर**

८. **अन्य तकनीकी और सपोर्ट स्टाफ पद**

**योग्यता क्या होनी चाहिए ?**

शैक्षणिक योग्यता पद के अनुसार अलग-अलग निर्धारित की गई है:

१. **इंजीनियरिंग पदों के लिए** – मान्यता प्राप्त संस्थान से **मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल या सिविल इंजीनियरिंग** में स्नातक डिग्री
२. **तकनीकी पदों (जैसे मैकेनिक, ड्राइवर) के लिए – न्यूनतम 10वीं या 12वीं पास, मैकेनिक पद** के लिए आईटीआई सर्टिफिकेट अनिवार्य
३. **सपोर्ट स्टाफ या अन्य पदों के लिए** – सामान्य स्नातक डिग्री मान्य

**कितनी मिलेगी सैलरी ?**

चयनित उम्मीदवारों को **केंद्र सरकार के वेतनमान के अनुसार ₹19,900 से ₹56,100 प्रति माह** तक वेतन दिया जाएगा।

**वेतन पद, अनुभव और योग्यता के अनुसार तय किया जाएगा, साथ ही इसमे भंविष्य मे बंढ़ोतरी की संभावना भी रहेगी**।

**आवेदन शुल्क कितना है ?**

१. **सामान्य, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए** – ₹259
२. **SC/ST/दिव्यांग वर्ग के लिए** – शुल्क में छूट, यानी आवेदन लगभग मुफ्त
३. **भुगतान केवल ऑनलाइन मोड मे किया जा सकता है**

**चयन प्रक्रिया**

१. **BECIL** उम्मीदवारों का चयन **शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, और स्किल टेस्ट/इंटरव्यू** के आधार पर करेगा।
२. **योग्य उम्मीदवारों को ईमेल या कॉल के माध्यम से सूचना दी जाएगी**
३. **इंटरव्यू या स्किल असेसमेंट टेस्ट के लिए उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट किया जाएगा**
४. **अंतिम चयन डॉक्युमेंट वेरिफिकेशन के बाद होगा**

आवेदन कैसे करें ?

१. **BECIL की वेबसाइट** www.becil.com पर जाएं
२. “**Careers**” सेक्शन में जाएं
३. भर्ती नोटिफिकेशन पढ़ें और “**Apply Online**” पर क्लिक करें
४. **आवश्यक जानकारी भरे, दस्तावेज़ अपलोड करे**
५. **शुल्क का भुगतान करे और आवेदन सबमिट करे**
६. **भविष्य के लिए आवेदन की प्रिंट कॉपी सुरक्षित रखे**

**आवेदन की अंतिम तिथि :**

**30 जुलाई 2025** — आवेदन भरने की अंतिम तारीख

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.